P372

इंदौर, मंगलवार 20 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 73
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

मच्छी बाजार क्षेत्र में सड़क पर मिला कचरा


पेज-2

'थलाइवर 173' की शूटिंग जल्द होगी शुरू



पेज-5

हाईकोर्ट में बीआरटीएस पर सुनवाई के दौरान वकीलों के बीच बात



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी
- यूपी : बागपत में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा, कोहरे के कारण टकराईं 14 गाड़ियां
- नोएडा में सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से जैगुआर के उड़े परखच्चे, एक की मौत
- सबरीमाला सोने की चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी का एक्शन, छापेमारी
- वायरल वीडियो के बाद कर्नाटक के डीजीपी रामचंद्र राव सस्पेंड

### विभाग मंत्री के पास है, लेकिन बीजेपी कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं

# मंत्रियों के ओएसडी पर होगी संघ-संगठन की सर्जरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● प्रदेश सरकार के आधा दर्जन मंत्रियों की कार्यप्रणाली से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाखुश है। संघ के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों की शिकायत है कि इन मंत्रियों के ओएसडी पूरा विभाग अपनी मर्जी से चला रहे हैं और कार्यकर्ताओं की नहीं सुन रहे हैं। संघ की बैठक में यह मुद्दा उठ चुका है। अब माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन मंत्रियों के यहां पदस्थ अफसरों को बदला जाएगा। इनमें कुछ मंत्रियों के ओएसडी, तो कुछ के निज सचिव शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पिछले दिनों भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय स्तर के पदाधिकारियों की बैठक ली थी। इस बैठक में संघ के कुछ पदाधिकारियों ने आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों के विशेष सहायकों की कार्यप्रणाली को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इन पदाधिकारियों का कहना था कि विभाग मंत्री के पास है, लेकिन वहां पूरी तरह ओएसडी हावी हैं और वे मंत्री के कहने के बावजूद उचित काम में भी अंड़गा लगाते हैं। संघ से जुड़े लोगों के काम करने में उनकी कोई रुचि नहीं है। यह भी कहा गया कि उनसे भाजपा के कार्यकर्ता भी खुश नहीं है। अब इस बैठक के बाद इन ओएसडी को हटाया जा सकता है। जिन मंत्रियों के स्टाफ की शिकायत की गई, उनमें एक मंत्री मालवा क्षेत्र से आते हैं। इन मंत्री का संघ से जुड़ाव भी है, पर इनके ही ओएसडी की कार्यप्रणाली से संघ के लोग खुश नहीं है। ये ओएसडी लंबे समय से मंत्री से जुड़े हुए हैं।



इसके अलावा एक महिला कैबिनेट मंत्री और महिला राज्यमंत्री की शिकायत भी संघ की ओर से आई है। इनमें राज्यमंत्री पहली बार की विधायक हैं। इन दोनों मंत्रियों को लेकर कहा गया है कि वे पूरी तरह अपने ओएसडी के कहने पर कार्य करती हैं। इनमें से एक मंत्री विंध्य से आती हैं। एक अन्य मंत्री के यहां तैनात एक रिटायर्ड व्यक्ति की कार्यप्रणाली को लेकर भी शिकायत की गई है। बैठक में यह भी कहा गया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के काम भी इन मंत्रियों के यहां पूरी तरह से नहीं हो रहे हैं। वहीं, दो वरिष्ठ मंत्रियों के यहां तैनात निज सचिव और निज सहायक को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही इन्हें मंत्रियों के यहां से हटाया जा सकता है। गौरतलब है कि इनमें से अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी वे हैं, जो वर्षों से मंत्रियों के यहां जमे हैं। सरकार कोई भी रही हो, पर ये अधिकारी और कर्मचारी किसी न किसी मंत्री के स्टाफ में रहे हैं।

### छ मंत्रियों को मिली सराहना

सूत्रों की मानें तो इस बैठक में अगर कुछ मंत्रियों के यहां पदस्थ स्टाफ की शिकायतें सामने आई, तो मालवा और महाकौशल समेत चंबल से जुड़े मंत्री ऐसे भी हैं, जिनके व्यवहार और कामकाज को जमकर सराहा गया और कहा गया कि उनका स्टाफ भी पूरी तरह सहयोग करता है। वर्ष 2020 में कमलनाथ सरकार की सत्ता से विदाई के बाद जब भाजपा फिर से सत्ता में आई थी, तब केंद्रीय नेतृत्व ने फरमान जारी किया था कि उन अधिकारियों और कर्मचारियों को मंत्री स्टाफ में न रखा जाए, जो पहले मंत्रियों के यहां रह चुके हैं। इसके बाद कुछ मंत्रियों के ओएसडी, निज सचिव व निज सहायकों को उनके मूल विभाग में पदस्थ कर दिया गया था। हालांकि बाद में ये अधिकारी जोड़-तोड़ करके फिर से मंत्री स्टाफ में पहुंचने में कामयाब हो गए।

## एक बार फिर इंदौर रेलवे स्टेशन की शिकायत पहुंची रेल मंत्री तक

### लापरवाही से देश के सामने छवि हो रही धूमिल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देश का स्वच्छता में नंबर-1 शहर इंदौर एक बार फिर से रेलवे की लापरवाही के कारण सुर्खियों में है। इंदौर रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में ठहरे यात्री के बिस्तर पर खटमल मिलने से हड़कंप मच गया। यात्री ने इसका वीडियो बनाकर एक्स पर डाल दिया। हैरानी की बात यह है कि यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि करीब दो महीने पहले भी इसी डॉरमेट्री को लेकर खटमलों की शिकायत सामने आ चुकी है। इसके बावजूद रेलवे ने न तो सबक लिया और न ही व्यवस्थाओं में कोई ठोस सुधार किया।

जानकारी के अनुसार डॉरमेट्री में ठहरे यात्री दीप कुमार ने अपने एक्स हेंडल से पोस्ट में वीडियो डाल दिया। वीडियो में खटमल साफ साफ दिखाई दे रहे हैं। यात्री ने अपने पोस्ट में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए लिखा कि यह देश का सबसे स्वच्छ शहर है और रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में खटमल हैं। पोस्ट सामने आते ही मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और रेलवे अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने आनन-फानन में यात्री से संपर्क किया और हालांकि सवाल यह है कि जब शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी थीं, तब कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यह घटना इंदौर रेलवे स्टेशन की स्वच्छता व्यवस्था और प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। इससे पहले नवंबर में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने कहा कि रेलवे लगातार लापरवाही कर रहा है। इससे देश के सामने इज्जत खराब हो रही है। रेलवे को ऐसे अफसर या ठेकदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और व्यवस्था में तत्काल सुधार करना चाहिए।

## मुंबई मेयर : भाजपा को मिला उद्धव ठाकरे का साथ!



**मुंबई (एजेंसी)** ● महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बीएमसी के मेयर पद को लेकर महायुति की सहयोगी पार्टियों भाजपा और शिवसेना (शिंदे) में खींचतान जारी है। इस बीच, मेयर चुनाव को लेकर बड़ा ट्विस्ट आया है। शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि यदि बीएमसी में भाजपा का मेयर बना तो उनके नगरसेवक चुनाव वोटिंग से दूर रहेंगे। वहीं, शिंदे गुट के पार्षदों को होटल में रखने के बाद अब भाजपा ने अपने पार्षदों को अगले 10 दिनों तक मुंबई से बाहर नहीं जाने का निर्देश दिया है।

बता दें कि राज्य की निगाहें मुंबई नगर निगम चुनावों पर टिकी हैं। मुंबई नगर निगम में भी भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा के 89 और शिवसेना शिंदे समूह के 29 उम्मीदवार गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में चुने गए हैं और मेयर पद को लेकर दोनों ही पार्टियों में खींचतान जारी है। उद्धव ठाकरे ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि आज भी हमारी यही इच्छा है कि हमारा मेयर बने। सूत्रों के मुताबिक उद्धव गुट ने फैसला किया है कि अगर बीजेपी का मेयर बना तो उनके जीते हुए नगरसेवक वोटिंग से दूर रहेंगे। उद्धव ठाकरे का यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि यदि उद्धव के पार्षद मतदान से दूर रहे तो भाजपा के लिए मेयर चुनना आसान हो जाएगा। कल ही उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने सीएम देवेंद्र फडणवीस की बड़ी तारीफ की थी और शिंदे गुट के नगरसेवकों को होटल में रखे जाने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि नगरसेवकों को कैद में रखा गया है।

## मौका आने पर देंगे जवाब : वास्तविक जन्म तारीख पर बोले जीतू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी इन दिनों अपनी जन्मतिथि को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में पटवारी पर अपनी उम्र छुपा कर दो अलग-अलग डेट ऑफ बर्थ के जरिए राजनीतिक लाभ लेने के आरोप भाजपा ने लगाए थे। हालांकि अब उनकी तीसरी डेट ऑफ बर्थ वोटर आईडी में सामने आई है जिसको लेकर पटवारी का कहना है कि बचपन में गलत दर्ज की गई डेट ऑफ बर्थ को बाद में सुधार दिया गया है। उनकी ओरिजिनल डेट ऑफ बर्थ एक ही है।

**भाजपा नेता श्याम साहू ने जीतू पटवारी की अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर उठाए थे सवाल :** दरअसल विगत दिनों स्थानीय भाजपा नेता श्याम साहू द्वारा जीतू पटवारी की हाई स्कूल की मार्कशीट और विधानसभा में मौजूद रिकॉर्ड के आधार पर अलग-अलग उनकी जन्मतिथि अलग-अलग बताई गई थी। मार्कशीट में पटवारी की जो जन्मतिथि दर्ज है वह 25 जनवरी 1973 है जबकि विधानसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भरे गए शपथ पत्र में उनके द्वारा अपनी जन्मतिथि 19 नवंबर 1974 बताया गया है। यही जन्म तिथि विधानसभा के रिकॉर्ड में भी दर्ज है।

**दस्तावेजों में जीतू पटवारी की तीन अलग-अलग जन्मतिथि सामने आई :** इस बीच अब जीतू पटवारी का मतदाता परिचय पत्र भी सामने आया है जिसमें उनकी अलग डेट ऑफ बर्थ लिखी गई है। इसमें जन्मतिथि 19 नवंबर 1973 दर्ज है, जो गलत बताई जा रही है। इधर इस मामले में राजनीतिक तौर पर कहा जा रहा है कि संभवत: जीतू पटवारी द्वारा ऐसा युवक कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए किया गया क्योंकि उस दौरान अध्यक्ष बनने की पात्रता आयु 35 वर्ष की थी जबकि पटवारी 2008 में 35 वर्ष की आयु सीमा पूर्ण कर चुके थे।

### गढ़ी गई छवि के विपरीत दिखा धार्मिक आचरण

# गोलू शुक्ला हृदय से है सनातनी विधायक

**आशीष गुप्ता : 9425064357**

**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत**

अक्सर देखने में आता है कि इंदौर क्षेत्र क्र. 3 के विधायक गोलू शुक्ला के खिलाफ कई मीडिया समूह द्वारा एक नैरेटिव सेट किया जाता है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत नजर आती है। क्षेत्र क्र. 3 के विधायक गोलू शुक्ला की जब हमने हकीकत जानने के लिए हम उन्हें बगैर बताए, उनके ऑफिस पहुंचे तो हकीकत इसके विपरीत निकली। गोलू शुक्ला हृदय से ही सनातनी विधायक है। हमारे द्वारा जब पड़ताल की गई तो देखा गया कि जब वह ऑफिस में बैठते हैं प्रतिदिन अनेक साधु उनके ऑफिस पर आते हैं पर एक भी साधु वहां से बगैर दक्षिणा लिए नहीं जाता है और इसके अलावा उन्हें कपड़े, भोजन सामग्री की भी व्यवस्था उस ऑफिस में रहती है। जन सेवा को धर्म मानने वाले सनातनी विधायक गोलू शुक्ला के दरबार में कई गरीब लोगों को हमने वहां पर देखा। कईयों के पास विवाह की रकम नहीं होती है, उसकी भी हर संभव मदद करने के लिए वह तत्पर रहते हैं। हमारे संवाददाता उनके पीछे-पीछे पूरे दिन उनके साथ रहे। यह उन्हें पता भी नहीं था। हमारे संवाददाता ने देखा कि एक गरीब अपाहिज वहां आता है, विधायक अपनी कुर्सी छोड़कर हाथ पकड़कर उसे अंदर बिठाते हैं, उसकी समस्या सुनते हैं, उसे चाय पिलाते हैं और उनके खास सहयोगी दीपेन्द्रसिंह सोलंकी को अंदर बुलाते हैं। कहते हैं अभी की अभी इन्हें ट्राइसिकल की व्यवस्था की जाए। उन्हें नहीं मालूम था कि वह हमारे कैमरे में कैद हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने यह भी देखा कि एक महिला बड़ी मायूस तरीके से आंखों में आंसू लेकर आई और कहा मेरी बेटी की शादी है। मेरे पास पैसे की व्यवस्था नहीं है। गोलू शुक्ला ने कहा पूरे भोजन की व्यवस्था हमारे द्वारा उठाई जाएगी। मां आप जाकर उसकी शादी की तैयारी करो, उसका भाई गोलू शुक्ला अभी जिंदा है। एक बच्चा अपने पिता के साथ रोते हुए आया और कहा मेरी परीक्षा 10वीं की पास में है, मैं इंदिरा विद्या निकेतन हा.सें. में पढ़ता हूँ, स्कूल वाले मेरी फीस नहीं भरी होने के कारण रोल नं. नहीं दे रहे हैं। गोलू शुक्ला ने स्कूल के संचालक ब्रजेश सिंह राठौर को फोन लगाया कि प्राचार्य महोदय इसकी कितनी फीस बाकी है, उधर से जवाब आता है कि 22 हजार फीस बाकी है। गोलू शुक्ला ने कहा प्राचार्य महोदय मैं 11 हजार रुपए फीस पहुंचा रहा हूं, उसके साथ गरीब बच्चे का आधा शुल्क आफ माफ करो। इसका रोल नंबर दो। प्राचार्य महोदय ने विधायक की इस बात को स्वीकृति दे दी। तुरंत छात्र के पिता के हाथ में 11 हजार रुपए दिए। इसी दौरान हिंदू सम्मेलन करने वाले कुछ लोग वहां पर आ गए। उन्होंने कहा हमें कुछ धन संग्रह की आवश्यकता है। हम लोग जो हिंदू सम्मेलन कर रहे हैं, उसमें आपका योगदान चाहिए। विधायक गोलू शुक्ला ने उनसे कहा मैं जन्म से, धर्म से और कर्म से हिंदू हूं। तुरंत उन्होंने उनको अपनी आर्थिक सहायता 11 हजार रुपए प्रदान की। मैं बैठे-बैठे सोच रहा था कि लोग व्यवसाय के लिए अपने मीडिया में कितनी निगेटिव खबर इनके खिलाफ चलाते हैं। इसी दौरान विधायक गोलू शुक्ला उनके आफिस से बाहर निकले, सैकड़ों लोग उनको अपनी समस्या बताते रहे। उन समस्याओं का समाधान करते-करते वे अपनी कार में पहुंच गए। हमने भी अपनी कार उनकी कार के पीछे ले ली। सोचा कि देखते हैं वह कहा जा रहे हैं, हमने देखा कि उनकी कार के साथ उनके समर्थकों की तीन कार का काफिला और चल रहा था। उनकी कार बड़ा गणपति होते हुए हंसदास मठ पहुंची। गोलू शुक्ला वहां पहुंचे। वहां पहुंचकर सबसे पहले हंसदास मठ के महामंडलेश्वर पीठाधीश पं. पवन शर्मा के चरण स्पर्श किए। पवन शर्मा ने हृदय से आशीर्वाद दिया और उनके साथ मठ के पीछे बनी गौशाला में विधायक गोलू शुक्ला प्रवेश करते हैं। वहां एक घास का ठेला खड़ा रहता है, वह ठेला उनके पास आता है, वह एक-एक पिंडी उठाते हैं। वहां पर तकरीबन 100 गायों को अपने हाथ से घास खिलाते हैं। उसके पास कुछ देर उन गायों के पास बैठ जाते हैं और अपने हाथ से एक-एक गाय को दुलार करते हैं। ऐसा लगता है कि कोई पिता अपने पुत्र को दुलार कर रहा हो। विधायक गोलू शुक्ला का यह चरित्र देखकर मेरा मन विभोर हो गया। और कह उठा कि यह हृदय से ही सनातनी विधायक है। उनकी यह करूणा बेजवान जानवरों की तरफ देखकर मैं मन ही मन ऐसा सोच रहा था कि पृथ्वी पर अभी सत्य जिंदा है, प्रेम जिंदा है, करूणा जिंदा है। जिसका यह दिखावा कर रहे हैं और न प्रदर्शन कर रहे हैं। नहीं तो आजकल के नेता करते कम है, दिखाते ज्यादा है। इसके विधायक गोलू शुक्ला वहां चल रहे विष्णु महायज्ञ में पहुंचे। पूजा-अर्चना की और सभी ब्राह्मण पंडितों को दक्षिणा बांटी। इसके पश्चात हमने विधायक गोलू शुक्ला को बताया कि हम दैनिक इंदौर संकेत से हैं, आपके खिलाफ खबर लिखने आए थे, लेकिन आपका यह कार्य देखकर हमारा हृदय परिवर्तन हो गया और हृदय से कहते हैं कि विधायक हो तो ऐसा हो।




गौ सेवा...





### हंसदास मठ के पीठाधीश पवन शर्मा ने कहा



विधायक गोलू शुक्ला अक्सर हमारे मठ पर आते हैं। हमारी जो गौशाला है, उसमें साल में दो ट्रक भूसा, खली और गौ माता जो भी भोजन होता है, उनकी व्यवस्था करते हैं। हमारे यहां जो भी धार्मिक कार्यक्रम होते हैं, उसमें भी उनका यथासहयोग बना रहता है। वास्तव में वे सनातनी विधायक ही है।


पूजा-अर्चना...

न्यूज ब्रीफ

### मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विजय कुमार शुक्ला के निर्देशन में म.प्र. उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 14.03.2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से अपील की गई है कि उपरोक्तानुसार म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत कराने हेतु म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते हैं।

### ओप्पो इंडिया ने अपनी प्रीमियम रिनो 15 सीरीज़ में तीन वैरिएंट लॉन्च किए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज ओप्पो इंडिया ने अपनी प्रीमियम रिनो 15 सीरीज़ में तीन वैरिएंट, रिनो 15 प्रो, रिनो 15 प्रो मिनी, और रिनो 15 लॉन्च किए। यह सीरीज़ युवा यात्रा प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए तैयार की गई है। ओप्पो ने कॉम्पैक्ट स्मार्टफोन की बढ़ती मांग को देखते हुए अपने पहले प्रो मिनी वैरिएंट के साथ रिनो सीरीज़ का विस्तार किया। ओप्पो रिनो 15 प्रो 5जी और ओप्पो रिनो 15 प्रो मिनी 5जी यात्राप्रेमियों के लिए विकसित किए गए हैं। इनमें यात्रा के दौरान बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए 200 एमपी अल्ट्रा-क्लियर मेन कैमरा दिया गया है। ओप्पो ने पॉपआउट फीचर पेश किया है, जो अनेक फोटो या लाइव फोटो को मिलाकर डायनामिक कंपोज़िशन तैयार करता है, ताकि एक शानदार आउट-ऑफ-फ्रेम इफेक्ट प्राप्त हो।

### बसंत पंचमी पर भजन गायक मेहता के भजनों पर झूमेंगे भक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रेडिसन चौराहा स्थित श्री दिव्यशक्ति पीठ पर बसंत पंचमी के अवसर बसंत उत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक विवेक मेहता के भजनों पर 23 जनवरी को सैकड़ो भक्त झूमेंगे। शुक्रवार को आयोजित बसंत उत्सव की शुरुआत भगवान के पूजन अर्चन के साथ होगी। भजन गायक विवेक मेहता भजनों मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। बसंत उत्सव मनेगा। बड़ी संख्या में भक्त सम्मिलित होंगे।

## क्राइम कंट्रोल के लिए पूरी टीम की पुलिस कमिश्नर ने ली क्लास

# गुंडे-बदमाशों पर ऐसी कार्रवाई हो कि वे अपराधों से तौबा कर लें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस कमिश्नर ने सोमवार को पूरी पुलिस टीम की बैठक ली, उन्होंनें निर्देश दिए कि गुंडे बदमाशों पर इतनी सख्त कार्रवाई हो कि वे अपराधों से तौबा कर लें और थाने पर पहुंचने वाले हर पीड़ित की बात पुलिस गंभीरता से सुनकर कार्रवाई करें। अब हर थाने की कार्यशैली पर भी पुलिस कमिश्नर की पैनी नजर रहेगी।

गुड परफारमेंस करने वाले थानों को इनाम मिलेगा और पूअर परफारमेंस करने वालों पर कार्रवाई भी होगी। स्मार्ट सिटी में क्राइम कंट्रोल करने और पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाते हुए उसमें और कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ सोमवार को बैठक आयोजित की। इसमें अति पुलिस आयुक्त अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त आरके सिंह सहित नगरीय क्षेत्र के सभी पुलिस उपायुक्तगण, अति. पुलिस उपायुक्तगण, सभी सहायक पुलिस आयुक्तगण एवं सभी थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने विगत समय में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाहियों के आधार पर, अपराधों पर नियंत्रण व आमजन के हितों एंव सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को और बेहतर कैसें किया जाए, इसे लेकर थाना प्रभारियों व सुपरविजन अधिकारियों के लिये एक विशेष कार्ययोजना बनाई है। पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों कों बेहतर कार्यवाही हेतु उनके कर्तव्यों व थाना प्रबंधन में किन बातों का ध्यान रखें बताते हुए कई निर्देश दिए हैं। हर दिन हो पुलिस के काम की समीक्षा थाना प्रभारी थानों में बल की उपस्थिति व उनके कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। ड्यूटी आफिसर व प्रिवेंटिंव आफिसर व बीट-माइक्रो बीट, एफआरवी के पुलिस बल की उपस्थिति व कार्य समीक्षा सुनिश्चित करें। थानें में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध व सही हालत में है या नहीं इसको भी निरंतर चैक करें। थानों में आने वाले पीडितों आगंतुकों की गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुनवाई हों और उनके साथ संयमित व्यवहार हो।

### इन आधारों पर होगा हर थाने का मूल्यांकन

महिला संबंधी अपराधों पर कार्यवाही, संपत्ति संबंधी अपराधों में रिकवरी व डिटेक्शन, गुम बालक-बालिकाओं की रिकवरी, अपराधों का समयावधि में अनुसंधान व चार्जशीट की कार्यवाही, गंभीर व लंबित प्रकरणों का निराकरण, जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही, प्रकरण में फोरेंसिक व आधुनिक तकनीकी का उपयोग, संमस वारंट की अधिक से अधिक तामिली, माइनर एक्ट व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन का समयावधि में निराकरण, सीसीटीएनएस व ई.विवेचना की बेहतर कार्यवाही, बेहतर कानून व्यवस्था व पुलिस बल का बेहतर प्रबंधन, अभियानों व दैनिक कार्यवाही, प्रभावी व सघन चैकिंग, पेट्रोलिंग आदि। आमजन फरियादी से पुलिस का व्यवहार व प्राप्त फीडबैंक, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत किये जाने वालें कार्य व जनता से आपसी समन्वय। को आधार बनाकर ही थानों का मूल्यांकन होगा।

### थानों के लिए मूल्यांकन प्रणाली भी लागू

पुलिस कमिश्नर द्वारा थाना प्रभारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों पर मूल्यांकन प्रणाली भी लागू की गई जिसकें तहत प्रत्येक माह में संबंधित झोन के डीसीपी व एडीशनल डीसीपी द्वारा अपने झोन से 2 सबसे अच्छा कार्य करने वाले तथा 2 सबसें खराब कार्य करने वालें थानों का चयन करेगें। अच्छा कार्य करने वालों का प्रोत्साहन किया जाएगा वहीं खराब काम करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी। पुलिस थानों के मूल्यांकन के लिए बिन्दु भी तय कर दिए गए हैं।

### रिएक्टिव नहीं, प्रिवेंटिव पुलिससिंग करना है...

पुलिस कमिश्नर ने सभी एसीपी को भी न्यायालयीन कार्य की समीक्षा के लिए निर्देशित किया कि अपराधों पर नियंत्रण हेतु बदमाशों व अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के इस्तगासे 48 घंटे में थानें से आ जावें व 72 घंटों में उनके विरूद्ध नोटिस जारी होनें की कार्यवाही हो जाएं, ये सुनिश्चित किया जावें। साथ ही बाउंड ओवर उल्लघंन के मामलों में भी त्वरित कार्यवाही करें तथा अपने क्षेत्र के थानों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। उन्होनें ने सभी को ये सख्त निर्देश भी दिए कि. बाउंड ओवर किसी लिस्टेड अपराधी द्वारा अपराध कारित करना, प्रकरण पंजीबद्ध करने में अकारण विलंब तथा फरियादी के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा, ऐसा करने वालों के विरूद्ध सख्त एक्शन लिया जावेगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा हमें रिएक्टिव नहीं, प्रिवेंटिव पुलिसिंग करनी है।

## उच्च माध्यमिक शिक्षकों के आदेश जारी करने की मांग को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा इंदौर को ज्ञापन सौंपा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● उच्च माध्यमिक शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने उपरांत नियमितीकरण आदेश जारी करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने सोमवार को पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार की अगुवाई में आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल के नाम जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन श्रीमती अनीता चौहान को ज्ञापन सौंपा।

पुरानी पेंशन बहाली संघ इंदौर के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार ने बताया कि इंदौर जिलें के अधिकांश उच्च माध्यमिक शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि ( वर्ष 2021 से 2024 ) पूर्ण करने पर नियमितीकरण आदेश लोक शिक्षण भोपाल से जारी नहीं हुए है। इसी एक सूत्रीय मांग को लेकर हमने जे डी मैडम को ज्ञापन सौंपा है। जॉइंट डायरेक्टर श्रीमती अनीता चौहान ने शीघ्र आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ आरती पटेल,काजल सिंह पंवार, नीलम बघेल,नेहा जैन, इंदिरा साहू, रामेश्वर कोचले, अलंकार उपाध्याय, डॉ विशाल जैन, स्मिता रोस, रंजना पाल, पूजा शर्मा,जया वर्मा, सोनाली बिल्लोरे, राजेश्वरी बिरथरे,सीमा कुमारी चौहान,सोनल नाहटा, गौसिया नाज, गौरीशंकर रावत,पुरुषोत्तम नागर, सहित संगठन के महेंद्र भारद्वाज, महेंद्र पाठक, जितेन्द्र परमार व विपिन जोशी आदि सहित अनेक उच्च माध्यमिक शिक्षक उपस्थित थे।



## हंसदास मठ परिसर में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ निकली पवित्र नदियों के जल से भरे कलश की शोभा यात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ के दसवें लोकार्पण दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार से श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का दिव्य अनुष्ठान हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में मठ परिसर में शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, जो 23 जनवरी तक चलेगा। गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ भी महायज्ञ के साथ हुआ। मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ स्थित भगवान रणछोड़जी एवं चिंतारहण पंचमुखी हनुमानजी को समर्पित यह अनुष्ठान आज से प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाचार्य पं. विवेक कृष्ण शास्त्री के निर्देशन में विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। आज बड़ी संख्या में यज्ञ में शामिल यजमानों एवं मठ से जुड़े श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के जल से भरे कलश मस्तक पर धारण कर कलश यात्रा निकाली। यात्रा में मठ से जुड़े संत, महंत, विद्वान एवं श्रद्धालु यज्ञ देवता तथा लक्ष्मीनारायण का जयघोष करते हुए शामिल हुए। यज्ञ के यजमान समूह में श्रीमती वर्षा शर्मा, अनंत महंत एवं विनोद कुमार जोशी शामिल हैं जिन्होंने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में यज्ञ कुंड एवं उसके पूर्व यज्ञ शाला में विधि विधान से पूजन कर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियाँ समर्पित करने का क्रम प्रारंभ किया।

## मच्छी बाजार क्षेत्र में सड़क पर मिला कचरा और गंदगी दो सफाई दरोगाओं के वेतन काटने के दिए निर्देश, काम में तेजी व गुणवत्ता लाएं

### आयुक्त ने मास्टर प्लान सड़क एवं जोन 2 व 12 का किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आयुक्त क्षितिज सिंघलने सोमवार प्रात: शहर की मास्टर प्लान की सड़कों के साथ ही जोन क्रमांक 2 एवं 12 में सफाई व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, प्रभारी योजना शाखा नरेश जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया, उपयंत्री पराग अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



आयुक्त सिंघल द्वारा जोन क्रमांक 2 एवं 12 के अंतर्गत चंद्रभागा पुल से कलाल कुई तक तथा चंद्रभागा पुल से मच्छी बाजार रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य में बाधक बने अवैध एवं अनावश्यक निर्माणों को हटाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि सड़क निर्माण कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान मच्छी बाजार क्षेत्र में सड़क पर कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए जोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 68 के सफाई दरोगा मनीष पथरोड एवं जोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 59 के सफाई दरोगा जहीर खान द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर दोनों का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि उक्त क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित क्षेत्रीय सीएसआई के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा बायपास

स्थित होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक 2.4 किलोमीटर लंबाई एवं 30 मीटर चौड़ाई की निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 29.52 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही इस सड़क के कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## जब हो कला और साहित्य का समागम तो आकार ले विविधम संस्कृतम्



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ के खूबसूरत प्रांगण में गुलाबी ठंड के बीच गर्माहट दे रहा था 'विविधम संस्कृतम्' के नाम से आयोजित किया गया। सांस्कृतिक समारोह संस्था के पितृ पुरुष स्वर्गीय श्री गुरु देव गुप्त के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में इंदौर शहर के जाने- माने 16 से अधिक विद्यालयों तथा 600 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में कला और साहित्य के हर पहलू को छूने का प्रयास किया। इस अवसर पर नृत्य, संगीत, ड्राइंग, पेंटिंग, कलनरी डिलाइट, फैशन सिलोट, ज्वैलरी मेकिंग, हिंदी व अंग्रेजी काव्य काव्य पाठ, गद्य पाठ, जैसी प्रतियोगिताओं का सफ़ल आयोजन किया ।

## श्री परशुराम सेना के तिथि दर्पण का विमोचन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तिथि दर्पण कैलेंडर का *प्रकाशन,मरीमाता स्थित परशुराम वाटिका पर किया गया एक भव्य समारोह में पूर्व विधायक संजय शुक्ला, पूर्व पार्षद दिलीप शर्मा,दैनिक दोपहर के संपादक नवनीत शुक्ला, सत्येंद्र शर्मा, लकी अवस्थी, अशोक चतुर्वेदी, घनश्याम वैष्णव,गौतम तिवारी, मणिमाला शर्मा, सुदेश पांडे, राकेश शर्मा, प्रेम बागोरा एवं अतिथियों द्वारा परशुराम सेना द्वारा प्रकाशित तिथि दर्पण का विमोचन किया गया।

## इंदौर-दिल्ली सुपरफास्ट का रूट बदला, नई दिल्ली की बजाय सफदरजंग स्टेशन से होगी संचालित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर से दिल्ली के बीच चलने वाली इंदौर-दिल्ली त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस (20957/58) के रूट विस्तार को रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन दिल्ली तक सीमित न रहकर रोहतक-महम के रास्ते हिसार तक चलाई जाएगी। इस फैसले से हरियाणा के हिसार, रोहतक और महम क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी, इन शहरों से इंदौर के लिए कोई सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार रूट विस्तार के बाद यह ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की बजाय सफदरजंग रेलवे स्टेशन से संचालित होगी। ट्रेन के संचालन के दिन पहले जैसे ही रहेंगे, जबकि समय-सारिणी में मामूली बदलाव किया गया है।

**यह रहेगा नया समय-सारिणी-** इंदौर से हिसार जाने वाली ट्रेन संख्या 20957 प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शाम 4:45 बजे इंदौर से रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 4:52 बजे दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और इसके बाद शकूर बस्ती व रोहतक होते हुए सुबह 9:20 बजे हिसार पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 20958 हिसार से इंदौर के लिए प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शनिवार को दोपहर 1:20 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन शाम 6:15 बजे सफदरजंग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 6:45 बजे इंदौर पहुंचेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट विस्तार को लेकर सभी आवश्यक स्वीकृतियां मिल चुकी हैं, नए रूट के अनुसार नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

**टिकिट बुकिंग पर लगी रोक-** रेलवे ने पुराने रूट पर इस ट्रेन की टिकट बुकिंग को फिलहाल रोक दिया है। यात्रियों को अभी केवल 5 मार्च तक की आने-जाने की टिकटें ही बुक करने की सुविधा मिल रही है। रेलवे की ओर से नया रूट और संशोधित समय सारिणी जारी होने के बाद टिकट बुकिंग दोबारा शुरू की जाएगी।

## श्री श्रीविद्याधाम में गुप्त नवरात्रि पर प्रकाशोत्सव का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर मंदिर के 31 वें प्रकाशोत्सव का शुभारंभसोमवार सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ध्वजारोहण, गणेश पूजन, पंचाग कर्म एवं भगवती मां पराम्बा के षोडशोपचार पूजन के साथ हुआ। मंगलवार 20 जनवरी से आश्रम स्थित यज्ञशाला में संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि प्रारंभ हो जाएगी, जिसमें 31 विद्वान प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक शहर, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सद्भावना की कामना से आहुतियां समर्पित करेंगे। गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवती का नूतन श्रृंगार भी होगा। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर एवं आश्रम के संस्थापक स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' की प्रेरणा से इस अनुष्ठान में भगवती के एक हजार नामों से ललिताम्बा महायज्ञ में प्रतिदिन आहुतियां समर्पित की जाएंगी। 11 विद्वान यज्ञकर्म का संचालन करेंगे। महायज्ञ में आश्रम के 31 विद्वान शामिल होंगे। सोमवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने यज्ञ शाला एवं यज्ञ कुंडों का पूजन कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। प्रतिदिन सुबह 6 बजे



वैदिक संध्या वेदपाठ, 7-30 बजे षोडशोपचार पूजन, 9 बजे श्रृंगार आरती, दोपहर 2.30 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ, शाम 6 बजे ललिता सहस्त्र नामावली से लक्षार्चन आराधना एवं शाम 8 बजे 108 दीपों से महाआरती के आयोजन 27 जनवरी तक होंगे।

नौका विहार होगा- रविवार 25 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से पूज्य 'भगवन' के श्री विग्रह एवं पादुका पूजन अभिषेक एवं आरती तथा शाम 6 बजे नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में नर्मदा के पवित्र जल में मां का नयनाभिराम नौकाविहार होगा। नौकाविहार की जीवंत झांकी भी श्रृंगारित की जाएगी। महाअष्टमी सोमवार 26 जनवरी को शाम 6 बजे से माँ का भव्य पुष्प बंगला श्रृंगारित होगा। मंगलवार 27 जनवरी को शाम 6 बजे से छप्पन भोग दर्शन एवं दीपोत्सव का दिव्य आयोजन होगा।

## स्माइल ट्रेन इंडिया ने इंदौर में क्लेफ्ट जागरूकता वैन अभियान की शुरुआत की

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● देश की सबसे बड़ी क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालु) पर केंद्रित गैर-सरकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया ने मध्य प्रदेश के वंचित और दूर-दराज़ इलाकों में क्लेफ्ट के इलाज को लेकर जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एक विशेष क्लेफ्ट जागरूकता वैन अभियान की शुरुआत की है। इंदौर स्थित स्माइल ट्रेन के पार्टनर अस्पताल केयर सीएचएल हॉस्पिटल में इस पहल का उद्घाटन झंडी दिखाकर किया गया। । इस अवसर पर डॉक्टर, क्लेफ्ट से प्रभावित बच्चे और उनके परिवार, अस्पताल के प्रतिनिधि और स्माइल ट्रेन की टीम मौजूद रही।

सांध्य दैनिक

इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

# एयरपोर्ट पर अप्रैल से बढ़ने लगेंगी सुविधाएं, 2 टर्मिनल, 24 घंटे संचालन और बिजासन की तरफ से शुरू होगा गेट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट आने वाले ढाई महीनों में पूरी तरह नए रूप में नजर आएगा। एयरपोर्ट पर पुराने टर्मिनल का दोबारा संचालन, 24 घंटे विमान परिचालन और बिजासन की ओर नया एग्जिट गेट शुरू होने जा रहा है। इन बदलावों से जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं वर्षों से चली आ रही पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा कई शहरों के लिए उड़ान मिलने की भी पूरी संभावना है।

एयरपोर्ट के पीआरओ रामस्वरूप यादव ने बताया कि विस्तार और सुधार से जुड़े कई अहम काम अंतिम चरण में हैं। पुराने टर्मिनल के शुरू होने से मौजूदा टर्मिनल पर यात्रियों का दबाव कम होगा, जबकि अलग एग्जिट गेट बनने से टर्मिनल के सामने लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। रनवे मरम्मत का कार्य मार्च के अंत तक पूरा होने के बाद संभवत: 1 अप्रैल से एयरपोर्ट फिर से 24 घंटे संचालित होगा। अभी रात के समय करीब आठ घंटे एयरपोर्ट बंद रहने से उड़ानों की संख्या सीमित है। 24 घंटे संचालन शुरू होते ही नई उड़ानों के लिए रास्ता खुलेगा और यात्रियों को समय के ज्यादा विकल्प मिलेंगे।



## नया एग्जिट गेट बनकर तैयार

एयरपोर्ट पर पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या को खत्म करने के लिए बिजासन टेकरी की ओर नया एग्जिट गेट तैयार कर लिया गया है। फिलहाल प्रवेश और निकास के लिए एक ही मार्ग होने से पीक ऑवर्स में टर्मिनल के सामने वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसके शुरू होने के बाद एयरपोर्ट पर आने वाले वाहन यात्रियों को लेकर सीधे बिजासन मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर निकल जाएंगे। अभी यहां से केवल अधिकारियों के वाहन आ-जा रहे हैं। पार्किंग ठेकेदार द्वारा बैरियर लगाए जाने और मुख्यालय से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद आम वाहनों को भी इसी गेट से बाहर निकाला जाएगा।

## दो टर्मिनल से होगा संचालन

नए साल में पुराने टर्मिनल को फिर से चालू किया जाएगा, जहां से एटीआर विमानों का संचालन होगा। इससे मुख्य टर्मिनल पर भीड़ कम होगी और चेक-इन व सुरक्षा जांच में लगने वाला समय घटेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि दो टर्मिनल संचालन से यात्रियों को ज्यादा सुगम और व्यवस्थित व्यवस्था मिलेगी। इंदौर एयरपोर्ट से जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच 43 लाख 96 हजार 611 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। यह एयरपोर्ट के 88 वर्षों के इतिहास में पहली बार है, जब यात्री संख्या 40 लाख के पार पहुंची। इसी अवधि में 32,558 उड़ानों का संचालन हुआ, जो इंदौर की मजबूत एविएशन ग्रोथ को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने की पर्यावरणविदों से दिलचस्प बातचीत

**इंदौर** ● तितली के पंखों पर रंग जमे हुए होते हैं। तितली के जिंदा रहने के लिए पत्तियों का होना बहुत आवश्यक है, हालाँकि तितलियाँ फूलों के आसपास पाई जाती हैं और फूलों से ही वे पराग लेती हैं। यदि हम अपने घर में आम, अरंडी, कड़ी पत्ता, आंकड़ा, सीताफल और इमली के पौधे लगाएं तो हमारे घर-आंगन में भी तितलियाँ मंडराती नजर आ सकती हैं। इन नन्हे जीवों को बचाने के लिए पौधों में कीटनाशक डालने की प्रवृत्ति बंद करना होगी तथा प्रदूषण भी कम करना होगा तभी हम पर्यावरण में सुधार कर सकते हैं। शहर के पर्यावरणविद डॉ. किशोर पंवार ने सोमवार को संस्था सेवा सुरभि की मेजबानी में नवलखा रेसीडेंसी एरिया स्थित सन्मति हा.से. स्कूल के सभागृह में 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान के तहत 'पर्यावरण में पेड़ और तितलियों का संबंध' विषय पर बच्चों से बातचीत और परिचर्चा के दौरान ऐसी अनेक दिलचस्प जानकारियां साझा की।

### आश्रम की यज्ञ शाला में संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ प्रारंभ

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर मंदिर के 31 वें प्रकाशोत्सव का शुभारंभ सोमवार सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ध्वजारोहण, गणेश पूजन, पंचाग कर्म एवं भगवती मां पराम्बा के षोडशोपचार पूजन के साथ हुआ। मंगलवार से आश्रम स्थित यज्ञशाला में संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि प्रारंभ हो जाएगी, जिसमें 31 विद्वान प्रतिदिन सुबहे से दोपहर तक शहर, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सद्भावना की कामना से आहुतियां समर्पित करेंगे। गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवती का नूतन श्रृंगार भी होगा।

### खाटू श्याम मंदिर पर नोटों से होगा श्याम बाबा के गर्भ गृह का मनोहारी श्रृंगार

**इंदौर** ● एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर इस बार 23वें बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में 11 किस्म के फूलों से श्याम बाबा के रथ एवं मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली, मथुरा एवं कोलकाता से पुष्प बुलवाए जा रहे हैं। पहली बार श्याम बाबा के गर्भ गृह का सवा लाख रुपए मूल्य के नए नोटों से श्याम भक्त नाना राठौड एवं उनके साथियों द्वारा आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इन करंसी नोटों में पांच सौ से लेकर सभी तरह के छोटे-बड़े नए नोट शामिल रहेंगे। उज्जैन के महाकाल मंदिर की भस्मरमैया डमरू मंडली के कलाकार भी शोभा यात्रा में भक्ति भाव से भरपूर प्रस्तुतियां देते हुए सड़कों पर श्याम भक्तों के साथ चलेंगे।

### श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन का पहला न्योता गणेश को समर्पित

**इंदौर** ● श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए आयोजित किए जा रहे परिचय सम्मेलन का पहला न्योता सोमवार को खजराना गणेश को समर्पित किया गया। सभा द्वारा इस बार भी राज्य के सभी प्रमुख समाज बाहुल्य जिलों में एक ही दिन 29 मार्च को, एक ही समय सुबह 10 बजे से एवं एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर कराने का निर्णय लिया है। इंदौर में भी यह परिचय सम्मेलन रविवार 29 मार्च को राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर होगा। उम्मीद है कि इसमें करीब 2 हजार प्रत्याशी शामिल होंगे। सोमवार को सभा के पदाधिकारियों ने खजराना गणेश मंदिर में पहुंचकर आयोजन के निर्बाध संपन्न होने की प्रार्थना के साथ पहला न्योता समर्पित किया।

राग इंदौरियन्स ने फिर रचा इतिहास

## इंदौर में पहली बार एक मंच पर 172 गायकों ने दी अपनी प्रस्तुति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रविवार को इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में संस्था राग इंदौरियंस द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शहर के 172 गायकों ने कराओके पर अपनी गीत प्रस्तुतियां दी। यह संभवत: इंदौर में पहला कार्यक्रम था जिसमें एक मंच पर इतनी ज्यादा संख्या में गीत प्रस्तुतियां दी गई हैं। दरअसल शहर में आए दिन गीत संगीत के कार्यक्रम आयोजित करने वाली संस्थाएं नवश्रंगारित प्रीतम लाल दुआ सभागृह का किराया बढ़ाए जाने के विरोध में हैं। हालांकि संभाग आयुक्त डॉ सुदाम खाड़े द्वारा किराया 12 हजार से घटाकर 9000 प्रति 4 घंटे के लिए किया गया है। लेकिन संस्थाओं का कहना है कि यह किराया भी अन्य सभागृहों की तुलना में काफी ज्यादा है। कार्यक्रम के आयोजकों तन्मय पांडे, प्रशांत राय चौधरी पूर्व एमआईसी सदस्य, जवाहर मंगवानी शैलू काका, लक्कू भाई, यशवंत खंडकाले प्रमोदपारे, मनजीत सिंह खालसा, विजय पाठक, प्रमोद दीक्षित, राजेश गोधा संजय कटारिया (पूर्व पार्षद) इम्तियाज बेलिम, विजय जोशी, नवीन बंजारिया,मुकेश आदि के माध्यम से इंदौर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी और पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी से अपने सभागृह का किराया कम करने का आग्रह किया था। श्री अरविंद तिवारी और दीपक कर्दम सहित प्रबंधकारिणी ने सहृदयता दिखाते हुए अपने सभागृह का किराया रु 8000 से रु 6000 कर दिया। इसी उपलक्ष्य में आभार व्यक्त करने के लिए संगीत आयोजकों द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें सभी गायकों को पूर्णत: निशुल्क गाने का अवसर दिया गया। इसमें इंदौर सहित खंडवा बुरहानपुर देवास, दिल्ली नीमच उज्जैन आदि से गायक कलाकार प्रस्तुति देने पहुंचे। कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे से रात्रि 11:00 तक चला। कार्यक्रम में एक भी सोलो गीत नहीं बल्कि सभी गायको ने डुएट गानों की प्रस्तुति दी। यह अपने आप में एक अनोखा प्रोग्राम होकर अपनी छाप छोड़ गया। जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया। पूरे समय सभागृह श्रोताओं से भरा रहा।



## समाधान योजना: 4.41 लाख उपभोक्ताओं की मिली 18 करोड़ की रियायत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र यानि मालवा निमाड़ में प्रतिदिन हजारों उपभोक्ता समाधान बिजली योजना से जुड़कर लाभान्वित हो रहे हैं। सोमवार तक पश्चिम मप्र में 4.40 लाख से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। एक मुश्त मूल बिजली बिल जमा कर सरचार्ज पूरा माफ कराने वालों की संख्या 2.40 लाख से ज्यादा रही, शेष एक लाख 90 हजार से ज्यादा उपभोक्ता किश्तों में बकाया राशि जमा करने का विकल्प चुनने वाले रहे। समाधान योजना से बिजली कंपनी को 111 करोड़ रूपए से ज्यादा का राजस्व मिला है, जबकि कंपनी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को करीब 18 करोड़ रूपए की रियायत प्रदान की गई है। समाधान योजना का सबसे ज्यादा इंदौर जिले के 50 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने लाभ लिया है। समाधान योजना में सर्वाधिक छूट की पात्रता 31 जनवरी तक प्रभावी है। बिजली कंपनी ने तीन माह से अधिक के बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओं से समाधान योजना लाभ लेकर एकमुश्त भुगतान कर 31 जनवरी के पहले सर्वाधिक सरचार्ज माफी प्राप्त करने की अपील की है।

## पत्रकारों की आवाज होगी बुलंद - नरेंद्र तिवारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वानी** ● प्रदेश में पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ा रहे ट्रेड यूनियन से पंजीकृत सबसे बड़े संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल ने बड़वानी जिले में जिला अध्यक्ष के तौर पर नरेंद्र तिवारी पर पुन: विश्वास जताते हुए जिला अध्यक्ष नियुक्त किया , वहीं पत्रकार कपिलेश शर्मा को जिला महासचिव के रूप में नियुक्ति प्रदान की है। संघ के प्रांतीय महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने प्रांतीय कार्यालय भोपाल से जारी आधिकारिक आदेश में, बड़वानी जिले में यह नियुक्ति संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग निमाड़ संभाग प्रभारी परसराम चौहान, संभागीय उपाध्यक्ष अमरदीप सिंह सोलंकी तथा इंदौर संभागीय अध्यक्ष आलोक शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। संघ ने विश्वास व्यक्त किया है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में बड़वानी जिले के पत्रकारों के मान-सम्मान, स्वाभिमान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन पूरी मजबूती से कार्य करेगा तथा संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी व महासचिव कपिलेश शर्मा ने संघ के शीर्ष नेतृत्व - प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया, महासचिव सत्यनारायण वैष्णव, निमाड़ संभाग प्रभारी परसराम चौहान, संभागीय अध्यक्ष आलोक शर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष अमरदीप सोलंकी, दीपक सिंह रघुवंशी सहित सभी वरिष्ठ साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे और शीघ्र ही जिले मे संगठनात्मक विस्तार करेगे। इस नियुक्ति से जिले के पत्रकारों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। जिले के अनेक वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी , एवं कपिलेश शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।





**इंदौर** ● मांग मातंग समाज के समाजसेवी दशरथ रामजी चंदन शिव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। वाल्मीकि सामुदायिक भवन पंचशील नगर एरो ड्रम रोड पर समाजसेवी रंजीत तायडे पहलाद रायपुर भगवान पेंटर सुभाष बुके ने तस्वीर पर फूल माला पहन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महिला मंडल ने भजनों की प्रस्तुति देकर समा बांधा। इस अवसर पर भोजन प्रसादी समाज के बंधुओ ने ग्रहण की। उक्त जानकारी रामचंद्रन शिव और गुलाब चंदन शिव ने दी।

## इशरे इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित इशरे क्रिकेट लीग का रोमांचक मुकाबले, मित्सुबिशी ने जीती ट्रॉफी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इशरे इंदौर चैप्टर द्वारा इशरे क्रिकेट लीग का सफल आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक सहारा सिटी ग्राउंड पर किया गया। इस तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में इंडस्ट्री से जुड़ी विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इशरे के प्रेसिडेंट श्री अंकुश झवर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। भाग लेने वाली टीमों में डीआरआई, मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक, ओ जनरल, डायकिन अल्फा, वीआर एफ वारियर्स, इंसुलेशन वॉरियर्स, ब्लू स्टार, आईपीपी लीजेंड्स, आईपीए और वोल्टास शामिल रहीं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डायकिन और मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक के बीच खेला गया। यह मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। दोनों टीमों ने उच्च स्तरीय खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस लीग के संयोजक शिवेन्द्र सिंह तोमर एवं शिव कुमार सोनी रहे, जिनके कुशल नेतृत्व और समर्पित प्रयासों से पूरे टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आशीष खोती एवं सुरेश चौहान उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की खूब प्रशंसा की।

## विंध्याचल सोशल ग्रुप का वार्षिकोत्सव सम्मेलन 25 जनवरी रविवार को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप, इंदौर के अध्यक्ष आर पी शर्मा, सचिव दिलीप मिश्रा एवं मीडिया प्रभारी डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि ग्रुप का 20 वाँ वार्षिकोत्सव 25 जनवरी को बिचौली मर्दाना स्थित ब्लू लीफ होटल के गार्डन में मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव में मालवा की माटी इंदौर एवं आसपास रहने वाले विंध्य क्षेत्र (रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, सिंगरौली, मैहर, उमरिया,अनूपपुर, एवं मऊगंज जिले के ) के सभी जाति एवं धर्म के हजारों लोग सम्मिलित होंगे। साथ ही विंध्य क्षेत्र की परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजनों के साथ उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं, प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं ग्रुप से जुड़े हुए ,जिला, संभाग,प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ियों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही ग्रुप के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मप्र शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, सीधी सिंगरौली के सांसद डा.राजेश मिश्रा एवं इंडिगो एअर लाइंस के वाइस प्रेसिडेंट वरुण द्विवेदी भी उपस्थित रहेंगे।

सांध्य दैनिक

इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

न्यूज ब्रीफ

## थाने में जप्त वाहन उनके स्वामियों को सौंपे जाएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाने में पुलिस एक्ट की धारा 25 के तहत जप्त किए गए वाहनों को उनके स्वामियों को सौंपा जाएगा। बताया गया कि इस एक्ट के तहत 55 दोपहिया वाहन जप्त किए गए हैं, जो थाने में वर्षों से रखे हुए हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे थाने में आकर अपने वाहन की तस्दीक कर लेंवे और मालकियत के दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने वाहन प्राप्त कर लें। विस्तृत जानकारी सेंट्रल कोतवाली थाने से प्राप्त की जा सकती है। वाहन प्राप्त नहीं करने पर आगामी समय में वाहनों की नीलामी की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने एनडीआरएफ के स्थापना दिवस की दीं शुभकामनाएं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बल 'आपदा सेवा सदैव सर्वत्र' के पावन ध्येय के साथ प्राकृतिक आपदा और विषम परिस्थितियों में बचाव के लिए समर्पित है। जवानों का साहस और सेवा भाव हम सभी को गौरवान्वित करता है।

## शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को निरंतर प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण 27 तक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आईक्यूएसी समिति द्वारा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को निरंतर प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन में किया जा रहा है। यह संकाय संवर्धन कार्यक्रम 'strengthening of staff competeny' विषय पर 27 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, तकनीकी, शोधात्मक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कौशलों को सशक्त बनाना है।

# हाईकोर्ट में बीआरटीएस पर सुनवाई के दौरान वकीलों के बीच बात, ठेकेदारों से अब 40 फीसदी कमीशन मांगा जा रहा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर बीआरटीएस व ट्रैफिक समस्या को लेकर एक बार फिर जनहित याचिकाओं को लेकर हाईकोर्ट इंदौर बेंच में सुनवाई। इसमें जो जिरह हुई और निर्देश हुए, वह तो अलग है, लेकिन इसी दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं के बीच में आपस में खुसर-फुसर चली। इसमें कहा जा रहा है कि ठेकेदारों से अब 20 की जगह 40 फीसदी कमीशन मांगा जा रहा है। इसलिए वह काम नहीं कर रहे हैं। अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी।

**इस तरह अधिवक्ताओं में हुई खुसर-फुसर**-हाईकोर्ट में इस मुद्दे पर करीब एक घंटे तक लंबी सुनवाई हुई। इहाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर शिवम वर्मा, निगमायुक्त आईएएस क्षितिज सिंघल, ट्रैफिक डीसीपी आनंद कलादगी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और रेलिंग हटाने के ठेकेदार दिनेश यादव मौजूद थे। जब सुनवाई होने के बाद हाईकोर्ट जस्टिस आर्डर डिक्टेट कर रहे थे, तभी अधिवक्ताओं के बीच में खुसर-फुसर शुरू हुई।

ठेकेदार के काम नहीं करने और बीच में छोड़ने पर एक अधिवक्ता ने अन्य अधिवक्ता से कहा कि ठेकेदार से पहले 20 फीसदी कमीशन मांगते थे। अब 40 फीसदी मांगा जाता है कहां से वह देगा, इसलिए वह काम नहीं कर रहा। हालांकि यह बात आन रिकार्ड नहीं आई। लेकिन हाईकोर्ट रूम की लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान वीडियो में इसका ऑडियो रिकार्ड हो गया। यह भी खुसर-फुसर में चर्चा हुई कि अब ये कमीशन वाली बात बोल नहीं सकते हैं।

**ठेकेदार ने ठेका छोड़ने का बताया कारण**-उधर ठेकेदार दिनेश यादव फर्म की ओर से बताया गया कि जो क्क्क्र रेलिंग को लेकर टेंडर में बताया गया वह उस स्तर की नहीं थी। स्क्रैप कम निकला है, बस स्टैंड पर 12 टन की जगह 8 टन ही माल निकल रहा है। बहुत घाटा हो रहा है इसलिए छोड़ा। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि यह जनहित का मुद्दा है, इस आधार पर काम नहीं रोक सकते हैं। आपके कारण जनता परेशान हो रही है। आप निगमायुक्त के साथ बैठक कर मुद्दा सुलझाएं। उधर निगमायुक्त भी ठेकेदार की तरफ से काम नहीं करने का मुद्दा बताते रहे।

**मुख्य सचिव सुलझाएं मुद्दा**-उधर हाईकोर्ट ने साफ कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर व अन्य मुद्दे नीतिगत है। इसमें स्थानीय स्तर पर फैसला होते नहीं दिख रहा है। मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन विभाग और क्क्ष्ठ विभाग के बीच बैठक कर इस संबंध में फैसला लें।






### इंदौर को गिनी पिग बना दिया है

वहीं सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागडिया ने कहा कि इंदौर को गिनी पिग बनाकर रख दिया है। पहले रेलिंग को लेकर दूसरी बातें रखी गई। हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई। बीती सुनवाई में 12 जनवरी को एलिवेटेड कारिडोर का मुद्दा उठाया गया। यह कॉरिडोर तो 2019 का है और जनवरी 2024 में सीएम भूमिपूजन कर चुके हैं। अभी भी दो-पांच साल यह नहीं बनना है। इस पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि दिसंबर में सीएम की अध्यक्षता में बैठक हो चुकी है। निर्देश दिए जा चुके है कि फरवरी में अगले माह से पीडब्ल्यूडी काम शुरू करने जा रहा है।

**डिवाइडर को लेकर यह निर्देश हुए**-सुनवाई में अधिकारियों ने बताया कि 6 किमी का हिस्सा एलिवेटेड कॉरिडोर का ख्रुत्न से नवलखा का है। बीआरटीएस कुल 11.20 किमी का है। इसमें कुछ हिस्सा दो ब्रिज में जा रहा है। वहां काम हो रहा है। बाकी 3.20 किमी का हिस्सा है। यहां हम अप्रैल तक सेंट्रल डिवाइडर का काम पूरा कर देंगे। एक ओर की रेलिंग हम पूरी हटा चुके हैं।

**ग्रीन कारिडोर भी सोचना होगा**-इस दौरान हाईकोर्ट जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने ग्रीन कॉरिडोर की जरूरत भी बताई। कहा कि दिल्ली व अन्य शहरों में बीआरटीएस नहीं है। लेकिन ग्रीन कॉरिडोर जरूरी है ताकि एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड को आसानी हो। इसमें अगली सुनवाई अब 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मनीष यादव, एएजी राहुल सेठी व अन्य उपस्थित थे।

# केयर सीएचएल अस्पताल ने आयुष्मान के दो मरीजों से ली राशि, भोपाल से नोटिस, मांगा जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के केयर ष्ट।रु अस्पताल पर आयुष्मान योजना के मरीजों से अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। दो मामलों में भोपाल से नोटिस जारी हुआ है। साथ ही, पांच दिन में जवाब मांगा गया है। इंदौर के केयर सीएचएल अस्पताल ने आयुष्मान कार्डधारक दो मरीजों से लाखों रुपए वसूले हैं। रामस्वरूप नामदेव नामक मरीज से इलाज के नाम पर 1 लाख 98 हजार लिए गए हैं। मरीज पवन जैन से भी आयुष्मान कार्ड होते हुए करीब 2 लाख 99 हजार वसूले गए हैं। भोपाल स्थित आयुष्मान भारत निरामयम ने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। नियम उल्लंघन पर पांच दिन में जवाब देने के निर्देश अस्पताल को दिए गए हैं।

इस मामले में 28 दिसंबर को भी अस्पताल प्रबंधन को सीएमएचओ ने नोटिस दिया था। अब दो मरीजों से हुई धोखाधड़ी को लेकर भोपाल स्थित आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश के जरिए नोटिस जारी किए गए हैं।

**पांच दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश**-आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश भोपाल के महाप्रबंधक शिकायत शाखा डॉ. अश्विन इंगले ने दो नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में कहा गया है कि संबंधित अस्पताल का आयुष्मान योजना के तहत करार है। इसके बावजूद अस्पताल की ओर से गाइडलाइन के खिलाफ मरीजों से पैसे लेने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे में यह माना जा रहा है कि नियमों का उल्लंघन किया गया है। नोटिस में अस्पताल को निर्देश दिए गए हैं कि वह पांच दिन के भीतर अपना जवाब पेश करे।

**इससे पहले बायपास के लिए ली गई थी राशि**-इससे पहले 28 दिसंबर को सीएमएचओ ने केयर सीएचएल अस्पताल को नोटिस जारी किया था। इसमें 76 वर्षीय मरीज से बायपास सर्जरी के लिए राशि लेने का मामला सामने आया था, जबकि उनके पास भी आयुष्मान कार्ड था।

अस्पताल ने मेडिक्लेम के नाम पर राशि ली थी। साथ ही रेडक्रॉस से मदद के लिए 1 लाख रुपए का एस्टीमेट जिला प्रशासन और कलेक्टर के पास भेज दिया गया था। यानी अस्पताल प्रबंधन के जरिए दोहरी राशि वसूली की कोशिश की गई थी। इस पर नोटिस जारी किया गया था।



### इस तरह मरीजों से ली गई राशि

पहले नोटिस में कहा गया है कि रामस्वरूप नामदेव नामक मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था। इसके बावजूद उनके उपचार के लिए अनधिकृत रूप से 1 लाख 98 हजार रुपए की राशि वसूली गई। इसी तरह मरीज पवन जैन से भी उपचार के लिए 2 लाख 99 हजार 999 रुपए की राशि वसूल की गई, जबकि उनके पास भी आयुष्मान कार्ड मौजूद था।

# अशोकनगर कलेक्टर पर 3 करोड़ रुपए मांगने का आरोप!

## आनंदपुर धाम ने दिल्ली में की शिकायत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह पर 3 करोड़ रुपए मांगने का आरोप लगा है। ये आरोप किसी सामान्य व्यक्ति ने नहीं, बल्कि जिले के प्रतिष्ठित आनंदपुर धाम (आनंदपुर साहिब ट्रस्ट) ने लगाया है। इनके पदाधिकारियों ने इस संबंध में बीजेपी हाईकमान को दिल्ली में शिकायत भी की है। ट्रस्ट की शिकायत को मुख्य सचिव अनुराग जैन को भेज दिया गया है।

**ये है मामला...** अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में 'गुरु' परंपरा का पालन होता है। पांचवें गुरु के बाद छठी पातशाही गद्दी पर विराजमान हैं। हाल ही में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने छठवें गुरु के नाम ट्रस्ट की अचल संपत्ति के नामांतरण के लिए कलेक्टर के पास आवेदन किया था।

सूत्रों का कहना है कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों से कलेक्टर आदित्य सिंह ने तीन करोड़ की मांग की। इस डिमांड को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बैठक की। सूत्र बताते हैं कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक की जानकारी मिलते ही कलेक्टर आदित्य ने पदाधिकारियों को मैसेज भिजवाया कि तीन करोड़ उन्हें नहीं चाहिए। ये पैसा तो सीधे पार्टी फंड में जमा होगा।

कलेक्टर ने ये भी कहा कि ट्रस्ट चाहे तो ये राशि चेक से भी दे सकता है। हम किसी संस्था का बैंक खाता बता देंगे। इस पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बीजेपी हाईकमान को शिकायत कर दी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया था दौरा**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2025 में ईसागढ़ तहसील स्थित श्री आनंदपुर धाम (आनंदपुर साहिब ट्रस्ट) का दौरा किया था। मोदी ने गुरु जी महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना की और ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्य और गौ-सेवा जैसे सेवा कार्यों की सराहना भी की थी।

ट्रस्ट 315 हेक्टेयर में फैला हुआ है। ट्रस्ट एक चैरिटेबल अस्पताल, कई स्कूल और एक बड़ी गौशाला चलाता है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और पशु कल्याण में भी बड़ा योगदान देता है। आनंदपुर धाम ईसागढ़ की छठी पातशाही पर श्री गुरु महाराज विराजमान हैं। यह आध्यात्मिक और पारमार्थिक कार्यों का संचालन करते हैं।

# चार महत्वपूर्ण फ्लाईओवर्स का निर्माण जून तक होगा पूरा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज इंदौर शहर में निर्माणाधीन चार प्रमुख फ्लाईओवरों का मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी फ्लाईओवर आगामी जून माह तक पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, एसडीएम श्री प्रदीप सोनी, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अभय राजनगांवकर सहित ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम, प्रशासन, निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी और अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निरीक्षण के दौरान देवास नाका, सत्य साईं चौराहा, मूसाखेड़ी, और क्रिस्टल आईटीआई पार्क चौराहा पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की । कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ये सभी फ्लाईओवर्स शहर की यातायात व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके पूर्ण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं, छोटे-छोटे रिमूवल (अतिक्रमण/संरचनाएं हटाने), वैकल्पिक व्यवस्थाओं और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। ट्रैफिक संचालन के लिए गार्ड तैनात किए जाएं, ताकि यातायात सुचारु रहे।

## सीएस कल करेंगे कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा

# सीएस करेंगे समीक्षा, तय होगी कलेक्टरों की परफॉरमेंस, प्रशासनिक सर्जरी जल्द

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राजधानी में गत अक्टूबर में हुई कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में सीएम डॉ. मोहन यादव ने सभी कलेक्टरों को योजनाओं के तय समय सीमा में क्रियान्वयन को लेकर जरूरी निर्देश दिए थे। साथ ही अगले तीन महीने एवं एक साल के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कलेक्टरों से इसके अनुसार कार्य करने को कहा गया था। मुख्य सचिव अनुराग जैन 21 जनवरी को उच्च स्तरीय बैठक में कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर कलेक्टरों को जरूरी निर्देश देंगे। मुख्य सचिव बैठक के जरिए कलेक्टरों की परफॉरमेंस की भी समीक्षा करेंगे। समीक्षा में नॉन परफॉर्मर जिलों के कलेक्टरों को फील्ड से हटाकर मंत्रालय में पदस्थ किया जाएगा, जबकि अच्छा परफॉर्म करने वाले छोटे जिलों के कलेक्टरों को बड़े जिलों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।



### 11 जिलों के कलेक्टर अपर सचिव पद पर हुए प्रमोट

राज्य सरकार ने एक जनवरी से 71 आईएएस अफसरों को सीनियर पदों पर प्रमोट किया है। इसमें सचिव पद पर प्रमोट हो चुके भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के अलावा अपर सचिव पद पर प्रमोट हो चुके 11 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। इनमें धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नरसिंहपुर कलेक्टर रजनी सिंह, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस, मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सागर कलेक्टर संदीप जी आर, राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा, जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, अपर आयुक्त राजस्व जबलपुर संभाग अमर बहादुर सिंह, पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, गुना कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल के नाम शामिल हैं। हालांकि अपर सचिव पद पर प्रमोट होने वाले अफसरों को सरकार रियायत दे सकती है।

### प्रदेश जिलों एवं संभागों की 10 बिंदुओं पर रैंकिंग तैयार

बुधवार को होने वाली बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे, जबकि कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़ेंगे। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मुख्य सचिव बैठक में कलेक्टरों के कामकाज की विस्तार से समीक्षा करेंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों और सूचनाओं के आधार पर जिलों एवं संभागों की 10 प्रमुख बिंदुओं पर रैंकिंग तैयार की है। इस रैंकिंग में प्रत्येक बिंदु पर टॉप और बॉटम के दो-दो जिलों को शामिल किया गया है, जबकि संभागीय स्तर पर टॉप और बॉटम से एक-एक संभाग को चयनित किया गया है। इसका उद्देश्य बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और संभागों को प्रोत्साहित करना तथा कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस दिशा-निर्देश देना है। जिन 10 प्रमुख बिंदुओं पर जिलों और संभागों की रैंकिंग की गई है, उनमें कृषि एवं उससे गई है। जुड़े क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं पोषण, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्य, कानून व्यवस्था तथा विविध एवं अतिरिक्त बिंदु शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन, उपलब्धियों और कमियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस समीक्षा बैठक के लिए करीब 217 पेज की विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) तैयार की है। इसी पीपीटी के आधार पर मुख्य सचिव जिलों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बता दें कि मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक चार बार स्थगित की जा चुकी है। सबसे पहले मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक 31 दिसंबर को प्रस्तावित थी, जिसे अचानक स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद बैठक के आयोजन की अगली तारीख 5 जनवरी, फिर 9 जनवरी और बाद में 15 जनवरी तय की गई थी। अब इसकी अगली तारीख 21 जनवरी तय की।

# ईडी ने जूम डेवलपर्स की 2650 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी में बैंकों को 180.87 करोड़ रुपए दिलवाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जूम डेवलपर्स प्रालि द्वारा बैंकों के साथ की गई 2 हजार 650 करोड़ की धोखाधड़ी में अब बैंकों को राशि वापस मिलने लगी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ईडी) इंदौर ने जूम से अटैच की गई संपत्ति में से बैंकों को 180.87 करोड़ रुपए वापस दिलवाए हैं। जूम डेवलपर्स ने बैंकों के साथ 2 हजार 650 करोड़ की धोखाधड़ी की। ईडी इंदौर ने कुर्क संपत्तियों से वसूली की प्रक्रिया शुरू की। कोर्ट के आदेश पर बैंकों को 180.87 करोड़ रुपए वापस मिले। धोखाधड़ी में पीएनबी समेत कुल 22 बैंक शामिल थे।

**इन बैंकों को मिली राशि**-इस मामले में विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अहम आदेश दिया है। प्रमुख बैंक पीएनबी ने कंसोर्टियम बैंकों की तरफ से कोर्ट में आवेदन लगाया था। पीएनबी ने पीएमएलए की धारा 8(8) के तहत कुर्क की गई संपत्तियों को वापस करने की मांग की थी। वहीं, आईडीबीआई बैंक ने भी इसी मामले में अलग से आवेदन दायर किया था। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें ध्यान से सुनीं। इसके बाद इंदौर स्थित विशेष पीएमएलए न्यायालय ने बैंकों के पक्ष में फैसला सुनाया।

अदालत ने आदेश दिया कि कुल 180.87 करोड़ रुपए की कुर्क की गई संपत्तियां बैंकों को वापस की जाएं। यह फैसला बैंकों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।







**2650 करोड़ की धोखाधड़ी है**-यह मुआवजा मेसर्स जूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस का है। इस मामले में सीबीआई की बीएस एंड एफसी शाखा, नई दिल्ली ने कंपनी और उसके लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सीबीआई ने जूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, उसके डायरेक्टर विजय मदनलाल चौधरी और बिहारी लाल केजरीवाल समेत अन्य आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की। मामला आईपीसी की धारा 120बी और 420 के तहत दर्ज हुआ था। इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने पीएनबी के नेतृत्व वाले 22 बैंकों के कंसोर्टियम को करीब 2 हजार 650 करोड़ रुपए का चूना लगाया। यह मामला बड़े स्तर की बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

**इस तरह की थी धोखेबाजी**-एफआईआर के अनुसार जेडडीपीएल (जूम) ने विदेशी कंपनियों को कागजी अनुबंधों के आधार पर बिचौलियों/एग्रीगेटरों के पक्ष में जारी बैंक गारंटी के रूप में एक कंसोर्टियम बैंकिंग व्यवस्था के तहत धोखाधड़ी से बैंक से लोन लिया।

बाद में इस लोन राशि को समूह कंपनियों, भारत में स्थित ट्रस्टों और विदेशी संस्थाओं को हस्तांतरित कर दी गई। जांच में यह भी पता चला कि विदेशी एग्रीगेटरों को जूम के डायरेक्टर विजय मदनलाल चौधरी द्वारा संचालित किया जाता था। इसमें आगे की जांच जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।